**कार्यालय :– प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग एवं अध्यक्ष अपलेखन/नीलामी विनिष्टीकरण समिति एवं तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश इटारसी जिला नर्मदापुरम (म0प्र0)**

क्रमांक 243/ नजारत/अपलेखन/25 इटारसी, दिनांक 08.05.2025

प्रति,

जूनियर सिस्टम एनालिस्ट
सर्वर रूम नर्मदापुरम

विषयः– तहसील न्यायालय इटारसी में अनुपयोगी जीर्ण–शीर्ण, टूटी, फूटी लकड़ी एवं लोहे की निष्प्रयोजनीय कंडम फर्नीचर एवं अयोग्य वस्तुओं को राजसात एवं कंडम वस्तुओं की नीलामी की सूचना जिला न्यायालय की बेवसाईट पर अपलोड करने विषयक्।

---//---

उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि तहसील न्यायालय इटारसी के न्यायालय एवं अनुभागों में रखी अनुपयोगी जीर्ण–शीर्ण, टूटी, फूटी लकड़ी एवं लोहे की निष्प्रयोजनीय कंडम फर्नीचर एवं अयोग्य वस्तुओं को राजसात एवं कंडम सामग्री की नीलामी दिनांक 28.05.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक किया जाना हैं।

अतः आप उक्त के संबंध में आवश्यक सूचना जिला न्यायालय नर्मदापुरम की बेवसाईट पर मय सलंग्न शर्तो के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें।

सलंग्नः–

विज्ञाप्ति क्रमांक 242 मय छायाचित्र

(आदित्य रावत)
तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश एवं
अध्यक्ष अपलेखन/नीलामी/विनिष्टीकरण
समिति इटारसी जिला–नर्मदापुरम म0प्र0

**<u>कार्यालयः–जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश इटारसी, जिला–नर्मदापुरम एवं</u>**
**<u>अध्यक्ष अपलेखन / नीलामी / विनिष्टीकरण समिति इटारसी, जिला–नर्मदापुरम</u>**

// विज्ञप्ति //

क्रमांक 212 / नजारत / अपलेखन / 2025 इटारसी दिनांक 08/5/25

यह कि इस स्थापना पर न्यायालय एवं अनुभागों में रखी अनुपयोगी जीर्ण–शीर्ण, टूटी, फूटी लकड़ी एवं लोहे की निष्प्रयोजनीय कंडम फर्नीचर एवं अयोग्य वस्तुओं की नीलामी तहसील न्यायालय भवन इटारसी, जिला–नर्मदापुरम में दिनांक 28.05.2025 को कार्यालय समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक किया जाना है।

सामग्री जिस हालत में या उसके संबंध में अन्य कोई विस्तृत जानकारी लेना हो तो अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन समय में नायब नाजिर इटारसी / विक्रय अमीन इटारसी से ली जा सकती है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संलग्न सूची अनुसार सामग्री नीलामी पर जो भी व्यक्ति नीलामी की शर्तो पर क्रय करने के इच्छुक हो, वह कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर **दिनांक 28 / 05 / 2025** को नीलामी में भाग ले सकते हैं।

इस संबंध में विवरण एवं सामग्री के छायाचित्र जिला न्यायालय नर्मदापुरम की वेबसाईट https://narmadapuram.dcourts.gov.in/ पर देखे जा सकते हैं।

**नीलामी की शर्ते**

**(नीलामी दिनांक 28.05.2025 को समय दोपहर 12 बजे से 02:00 बजे तक)**

(1)– कार्यालय जिला एवं अपर सेशन न्यायालय इटारसी के परिसर में उपलब्ध नीलामी योग्य सामग्री के संबंध में प्रतिभागी दिनांक 28.05.2025 को समय 12 बजे के पूर्व राशि 1000/–रूपये अर्नेस्ट मनी डी.डी. के रूप में जिला एवं अपर सेशन न्यायालय इटारसी के नाम से जमा कराने के उपरांत नीलामी की सहभागिता कर सकेगें। अभ्यर्थी द्वारा उच्चतम बोली पर क्रय की गई सामग्री की राशि में से उक्त अर्नेस्ट मनी 1000/–रूपये समायोजित की जावेगी, शेष बोलीकर्ता को उक्त राशि का डी.डी. नजारत अनुभाग द्वारा वापस किया जावेगा।

(2)– अनुपयोगी सामग्री कार्यालय जिला एवं अपर सेशन न्यायालय इटारसी के परिसर में कार्यालय समय में नीलामी दिनांक के पूर्व देखी जा सकती हैं।

(3)– उच्चतम बोली प्राप्त होने पर बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार निविदा स्वीकृत करने वाले अधिकारी के पास सुरक्षित है।

(4)– नीलामी अस्वीकार किये जाने की स्थिति में कोई कारण नहीं बताया जावेगा।

(5)– नीलामी स्वीकार करने पर क्रेता की अधिकतम बोली से माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय नर्मदापुरम को अवगत कराया जावेगा एवं अंतिम अनुमोदन उपरांत निष्प्रयोजनीय कंडम फर्नीचर एवं अयोग्य वस्तुओं को प्राप्त करने से पूर्व

संपूर्ण क्रय राशि जमा कराते हुए 03 कार्य दिवस में सामग्री को उठाना होगा अन्यथा अग्रिम अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा राशि राजसात की जावेगी।

(6)– बोलीकर्ता अभ्यर्थी को अधिकृत पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है।

(7)– अधिकतम राशि की बोली सक्षम अधिकारी द्वारा मान्य किये जाने पर ही अंतिम होगी।

(8)– उपरोक्त संपूर्ण सामग्री, बोलीकर्ता को एक साथ ही नीलाम की जावेगी, फुटकर बोली स्वीकार नहीं होगी।

(9)– किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार मा0 प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय नर्मदापुरम के पास सुरक्षित रहेगा एवं न्यायक्षेत्र सिविल न्यायालय इटारसी होगा।

अध्यक्ष अपलेखन / नीलामी / विनिष्टीकरण
समिति इटारसी एवं प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग
इटारसी, जिला–नर्मदापुरम

प्र0क्र0 243(1) / नजारत / अपलेखन / 2025 इटारसी दिनांक 08/5/25

प्रतिलिपि:–

1)– अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) इटारसी एवं तहसीलदार इटारसी नोटिस बोर्ड
2)– पुलिस थाना इटारसी, पथरोटा, केसला के नोटिस बोर्ड
3)– सहायक यंत्री, लोक निर्माण विभाग इटारसी नोटिस बोर्ड
4)– नगरपालिका कार्यालय इटारसी नोटिस बोर्ड
5)– मा0 जिला एवं अपर सेशन इटारसी नोटिस बोर्ड
6)– बस स्टैंड इटारसी के सहज दृश्य स्थान।
7)– रेल्वे स्टेशन इटारसी के सामने सहज दृश्य स्थान।
8)– सब्जी मंडी इटारसी के सहज दृश्य स्थान।
09)– सार्वजनिक बैंक के नोटिस बोर्ड
10)– जिला नाजिर नर्मदापुरम की ओर माननीय प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय नर्मदापुरम के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
11)– जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, सर्वर रूम नर्मदापुरम की ओर जिला न्यायालय नर्मदापुरम की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

नायब नाजिर इटारसी की ओर सूचनार्थ एवं उपरोक्त कार्यालयों के नोटिस बोर्ड / सहज दृश्य स्थान पर सामग्री की नीलामी से संबंधित विज्ञप्ति अविलंब चस्पा करवायें।

अध्यक्ष अपलेखन / नीलामी / विनिष्टीकरण
समिति इटारसी एवं प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग
इटारसी, जिला–नर्मदापुरम







